आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक : 18.11.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में पंचायती राज चुनाव 2026 की मतगणना की तारीख में बदलाव–20 नवम्बर के स्थान पर अब वोटो की गिनती 17 दिसम्बर को होगी।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रेगिंग की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए।
- राज्य के 32 चयनित जिलों में 22 नवम्बर को उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा।
- उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य का मौसम बदला–कई शहरों में रात के तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट।

00000

राज्य निर्वाचन आयोग ने कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में होने वाली पंचायती राज चुनाव 2026 की मतगणना की तारीख में बदलाव किया है। अब इन चारों जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर के स्थान पर 17 दिसम्बर को होगी। आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सचिव राजेश वर्मा ने आज इस बारे में आदेश जारी किये। 22 दिसम्बर को जिला प्रमुख और 23 को उप प्रमुख का निर्वाचन किया जायेगा। 24 दिसम्बर को प्रधान और 25 दिसम्बर को उप प्रधान के लिए चुनाव होगा। संशोधित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालयों पर सुबह 8 बजे से वोटो की गिनती शुरू होगी। चारों जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस बारे में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इस बीच शेष जिलों में ये मतगणना 20 नवम्बर को ही होगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है। इसके लिए आज मतगणना, सुपरवाइजर और मतगणना सहायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया।

00000

प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में रेगिंग की रोकथाम और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाये जायेंगे। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने रेगिंग की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए आज एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एन्टी रेगिंग कमेटी के साथ बैठक की। श्री खींवसर ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राजकॉप पुलिस एप डाउनलोड करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस एप के जरिये रेगिंग और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में विद्यार्थी तत्काल पुलिस तक अपनी शिकायत पंहुचा सकेंगे। चिकित्सा मंत्री ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एन्टी रेगिंग गाईडलाईंस को प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लागू करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को रेगिंग के खिलाफ जागरूक करने के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में श्री खींवसर ने कहा कि रेगिंग किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कॉलेजों का वातावरण भयमुक्त, सुरक्षित और सहयोगपूर्ण होना चाहिए।

.....

00000

प्रदेश में उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा और पेट्रोल डीजल की सही मात्रा सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोल पम्पों का सघन निरीक्षण अभियान चलाय जा रहा है। विधिक माप विज्ञान प्रकोष्ठ की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान के तहत कल प्रदेश में 62 पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया और कम पेट्रोल डीजल दिये जाने के मामले में 11 नोजल सीज किये गये। साथ ही अन्य गड़बडियां पाये जाने पर जुर्माना लगाया गया। उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि उपभोक्ता पेट्रोल डीजल भरवाते समय मीटर की रीडिंग और शून्य अवश्य जांच लें और किसी भी तरह की गड़बडी पाये जाने पर हैल्पलाईन नम्बर 14435 पर शिकायत दर्ज करवाये।

00000

टोंक जिले के बीसलपुर बांध से 25 नवम्बर को नहरों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जायेगा। जिला कलेक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में आज जल वितरण समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट सहित अन्य पदाधिकारियों और किसानों के साथ नहरों से सिंचाई के लिए पानी छोडने को लेकर चर्चा हुई। मीडिया से बातचीत में जिला कलेक्टर ने बताया कि पानी छोडे जाने से 82 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी की फसलों की सिंचाई हो सकेगी।

.....

00000

दिल्ली की एक अदालत ने आज **नीट–यूजी 2026** प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन विषय विशेषज्ञों सहित 14 अभियुक्तों के नाम, आरोप तय करने का निर्देश दिया। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। न्यायालय ने कॉपीराइट अधिनियम के अंतर्गत भी आरोप तय करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी।

000000

प्रदेश में 22 नवंबर को उपराष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत चयनित 32 जिलों में नवजात से 5 साल तक के 92 लाख 83 हजार से अधिक बच्चों को पोलियों की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया हैं। एनएचएम मिशन निदेशक डॉ. जोगाराम ने बताया कि 54 हजार से अधिक बूथों पर ये पोलियो खुराक पिलाई जायेगी। इसके लिए 69 हजार से ज्यादा ट्रांजिट और मोबाईल टीमें तैनात रहेगी। इसके बाद 23 और 24 नवम्बर को घर–घर जाकर, छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

0000

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने युवा पीढ़ी को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि जयपुर को सांस्कृतिक संवाद का केन्द्र बनाया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने आज जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में लोक मंथन 2026 के पांचवे संस्करण को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि ये आयोजन जयपुर में पहली बार होने जा रहा है। 4 से 6 दिसम्बर तक होने वाले लोक मंथन की इस वर्ष की थीम–**हम भारत के लोग** रखी गई है। ये आयोजन भारतीय संस्कृति, लोक परम्पराओं, लोक कलाओं और साहित्य पर केन्द्रित रहेगा।

.....

0000

आज जयपुर का स्थापना दिवस है। वर्ष 1727 में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने जयपुर की नींव रखी थी। आज ये एतिहासिक शहर अपनी गौरवशाली यात्रा के 299 वर्ष पूरे कर 300वें साल में प्रवेश कर चुका है। इस उपलक्ष्य में जयपुर नगर निगम की ओर से कल से दो दिवसीय समारोह की शुरूआत हुई। इसी कड़ी में आज जयपुर में स्टेच्यू सर्कल पर विशेष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम रखा गया है। दुनियाभर में गुलाबी शहर के नाम से प्रसिद्ध जयपुर देशी विदेशी सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

0000

उत्तर भारत से चल रही बर्फीली हवाओं का असर अब प्रदेश में भी दिखाई दे रहा है। इन हवाओं के प्रभाव से राज्य में मौसम का मिज़ाज बदला है और कई शहरों में रात के तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। बीते 24 घंटों में शेखावाटी क्षेत्र में इस मौसम में पहली बार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे मापा गया। सीकर का फतेहपुर 7 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे ठण्डा स्थान रहा। सीकर में 8, पिलानी में 10 दशमलव 6 और आबूराज में न्यूनतम तापमान 10 दशमलव 7 डिग्री दर्ज हुआ। रात के तापमान में गिरावट के कारण शेखावाटी और आसपास के इलाकों में ठण्ड का असर सबसे अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। सुबह और शाम सर्दी का असर थोड़ा बढ़ सकता है।

00000

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस आज मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम प्राकृतिक चिकित्सा, स्वस्थ्य भारत रखी गई है। लोगों में विभिन्न बीमारियों की रोकथाम, संतुलित आहार, योग, तनाव प्रबंधन के महत्व और स्वस्थ्य जीवन शैली को बढावा देने के लिए ये दिन मनाया जाता है। आयुष

राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने इस अवसर पर लोगों से प्राकृतिक चिकित्सा अपनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया हैं।

.....

भरतपुर में आज निशुल्क शिविर लगाया गया। इस दौरान प्राकृतिक चिकित्सकों ने लोगों को जल चिकित्सा, मालिश और खान–पान में सुधार सहित अन्य जानकारी दी।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 नवम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 140वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 नवम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000